प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज ***दिनांक 20-11-2023*** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-चोरी करने का प्रकाश में आया अभियुक्त गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 16.07.2023 को वादी श्री महेन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी बंगालीमाजर थाना कोतवाली बिलारी मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी के रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-349/2023 धारा-379 भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2023 को उ0नि0 श्री संजय कुमार थाना कटघर मय पुलिस बल ने प्रकाश में आये अभियुक्त तजम्मुल पुत्र नईम निवासी आगा धरमपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी 6,700/- रुपये बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1-मु0अ0स0-23/2023 धारा 3/25 आमर्स एक्ट थाना गलशहीद मुरादाबाद

2-मु0अ0स0- 16/2023 धारा 13RP upact. थाना- RPF मुरादाबाद

3-मु0अ0सं0-349/2023 धारा 379/411 भादवि थाना कटघर, मुरादाबाद।

2-बाईक चोरी करने के प्रकाश में आये 02 चोर गिरफ्तार थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 19.11.2023 को वादी श्री उवैश पुत्र आबिद निवासी ग्राम ताहरपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाईकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना मैनाठेर पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-367/2023 धारा -379 भादवि पंजीकृत कराया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 20.11.2023 को उ0नि0 श्री वेदपाल थाना मैनाठेर मय पुलिस बल ने प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1-उसमान पुत्र मोहम्मद शाह निवासी ग्राम ताहरपुर थाना मैनाठेर मुरादाबाद 2-मुन्ना पुत्र इन्तजार हुसैन निवासी मौ0 शेखजादा कस्बा व थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गई । बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गई।